आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 09.04.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- बैतूल लोकसभा सीट के चार मतदान केन्द्रों पर कल होगा पुर्नमतदान।
- चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज, भाजपा, कांग्रेस सहित तमाम दलों ने झोंकी ताकत।
- प्रदेष में बाल विवाह रोकने के लिए बनाये गये नियंत्रण कक्ष, कल अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रषासन सतर्क।
- पेरिस ओलंपिक के लिए निषानेबाजी का सिलेक्षन ट्रायल कल से भोपाल में।

बैतूल पुर्नमतदान
बैतूल लोकसभा सीट पर मुलताई विधानसभा के चार मतदान केंद्रों पर कल पुनर्मतदान होगा। जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि मतदाताओं की मध्यमा अंगुली में स्याही लगाई जाएगी। मतदान दल इवीएम सहित अन्य सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। आज सुबह शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल गंज से मतदान सामाग्री वितरित की गई

संसदीय क्षेत्र के राजापुर, डूडर रैय्यत, कुंदा रैय्यत– और चिखलीमाल मतदान केन्द्रों की ईव्हीएम 7 मई मतदान के बाद बस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो जाने से यहां पुनरू मतदान करवाया जा रहा है। संबधित क्षेत्रों में कल सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गये है। श्रमिकों के लिए मतदान केन्द्रों के क्षेत्र के कंपनी मालिकों से सवैतनिक अवकाश की अपील की गई है।

चुनाव प्रचार
प्रदेश में चौथे चरण की आठ सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए तीन दिन से भी कम का समय बचा है। जिसको देखते हुए राजनीतिक दल प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खरगौन के भीकनगांव, बड़वानी के पानसेमल और बडवानी में आमसभाएं की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा आज उज्जैन एवं देवास में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान खण्डवा और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने इंदौर, धार, उज्जैन लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार किया। कांग्रेस की ओर से आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सैलाना के शिवगढ़, रतलाम ग्रामीण में जनसभाओं को संबोधित किया।

मतदाता जागरुकता
प्रदेश में इन दिनों मतदाता जागरुकता के कई कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। खण्डवा संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए नगर परिषद पुनासा में कल मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन डेम चौराहे से नगर परिषद तक किया गया, जिसमें ब्लाक स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं नए वोटर्स उपस्थित रहे। खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए के घर–घर भेंट कर लोगों को पीले चावल देकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। देवास लोकसभा क्षैत्र के अन्तर्गत आने वाले आगरमालवा जिले के आगर विधानसभा क्षेत्र में आज से 12 मई तक विविध स्वीप गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामों में मतदाता जागरूकता संबंधी लोगों को शपथ भी दिलाई गई एवं उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है.

इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065

23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं खंडवा जिले की दिपाली तिरोले का संदेषः..

उत्तराखंड–केदारनाथ कपाट

उत्तराखंड में विश्‍व प्रसिद्ध केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट कल से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जायेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा का शुभारम्भ हो जाएगा। कपाट खुलने के शुभ अवसर पर इन तीर्थधामों को फूलों से सजाया जा रहा है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक बाईस लाख से भी अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

सी–विजिल एप

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा चुनावों के लिए 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से षसी–विजिल एपष पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। 9 मई तक एप पर 4 हजार 555 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। श्री राजन ने बताया कि मुख्य रूप से ग्वालियर में 525 और सागर में 349 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं। श्री राजन ने बताया कि नागरिक को आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो षसी–विजिल एपष पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

अक्षय तृतीया–बाल विवाह

प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम के लिए शासन द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। खण्डवा जिले में बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां फोन नम्बर 0733–2223794 पर संपर्क कर जानकारी दी जा सकती है। जिले में त्वरित कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय समितियों का गठन प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर किया गया है। कल अक्षय तृतीया 6 एवं अन्य तारीखों में होने वाले विवाहों, निकाहों एवं सामूहिक विवाहों में बाल विवाह न हों, इस हेतु बाल विकास परियोजनाओं में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता इस हेतु अपने क्षेत्रों अन्तर्गत घर–घर जाकर निगरानी करेंगे। साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह करवाने वाले वर–वधु दोनों पक्षों के माता–पिता तथा विवाह में शामिल अन्य समस्त व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही का प्रावधान रखा गया है। इसी तरह षिवपुरी और ग्वालियर में भी कन्ट्रोरूम स्थापित किया गया है।

मौसम

प्रदेश में एक साथ दो तरह के मौसम देखने को मिल रहे हैं, कुछ क्षेत्रों में लू चल रही है तो कहीं आंधी–बारिश का दौर है। मौसम विभाग ने भी भिंड, टीकमगढ़, छतरपुर और निवाड़ी में लू के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 9 जिलो के लिए हल्की से मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें बुरहानपुर बैतुल नर्मदापुरम डिडौरी छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पाढ़ुर्णा जिला शामिल हैं। साथ ही 41 जिलों में हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 43.9 डिग्री निवाड़ी के पृथ्वीपुर में दर्ज हुआ। कल भोपाल, इंदौर, मंदसौर, आगर–मालवा, विदिशा, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश हुई। विदिशा में ओले भी गिरे। रतलाम, नरसिंहपुर, नौगांव, शिवपुरी, खंडवा, खरगोन, शाजापुर में पारा 42 डिग्री से अधिक रहा।

पेरिस ओलम्पिक

पेरिस ओलम्पिक के लिए शूटिंग रायफल और पिस्टल के फायनल सिलेक्शन ट्रायल कल से 19 मई तक राजधानी भोपाल के मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में किया जा रहा है। इस सिलेक्शन ट्रायल में देश भर के 35 शीर्ष खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए निशाना साधेंगे। खेल विभाग के अनुसार यहां 7 इवेन्ट में ट्रायल होंगे। इसमें मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के दो खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह और आशी चौकसे भी भागीदारी करेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :—

- छतरपुर जिला कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति के लिए विकासखंड के अधिकारियों को तेजी से काम करने के निर्देष दिये हैं।
- उज्जैन संभाग आयुक्त ने कल रतलाम में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। यहां 13 मई को मतदान होना है।
- सतना जिले में 9 बीज कंपनियों के धान के बीज को अमानक स्तर का घोषित करते हुए जिले में इसके खरीदने—बेचने पर रोक लगा दी गई है।

..........................................